प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
दिनांकः 01.03.2025 समय : 09:00 ए.एम.

000000

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज वर्चुअल माध्यम से कृषि और ग्रामीण संपन्नता विषय पर पोस्ट बजट वेबिनार को संबोधित करेंगे।

- देशभर में आज से **सातवाँ जन औषधि सप्ताह** मनाया जाएगा–प्रदेश में भी विभिन्न आयोजन।

- प्रदेश के सरकारी स्कूलों में आज मेगा पीटीएम आयोजित की जायेगी।

- राज्य के कुछ जिलों में ओलावृष्टि और बारिश से तापमान में गिरावट।

000000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज नई दिल्ली में वर्चुअल माध्यम से कृषि और ग्रामीण संपन्नता विषय पर एक दिन के पोस्ट बजट वेबिनार को संबोधित करेंगे। इस कार्यक्रम में सभी केंद्रीय मंत्री शामिल होंगे। वेबिनार में सभी हितधारक महत्वपूर्ण चर्चा में भाग लेंगे और 2025 की बजट घोषणाओं के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए नीति तैयार करने पर विचार–विमर्श करेंगे। वेबिनार में कृषि विकास और ग्रामीण संपन्नता के बारे में विशेष चर्चा होगी। इससे बजट की परिकल्पना को साकार करने में सामूहिक दृष्टिकोण सुनिश्चित होगा। कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान भी इस कार्यक्रम में अपने विचार प्रस्तुत करेंगे। वेबिनार का उद्देश्य निजी क्षेत्र के विशेषज्ञों, उद्योग जगत के प्रतिनिधियों और विषय विशेषज्ञों सहित सभी हितधारकों को एक साथ जोडना है।

00000

देशभर में आज से **सातवाँ जन औषधि सप्ताह** मनाया जाएगा। केन्द्र सरकार की ओर से हर साल एक से सात मार्च तक ये सप्ताह आयोजित किया जाता है। सप्ताह के दौरान **फार्मास्युटिकल एंड मेडिकल डिवाइसेज ब्यूरो ऑफ इंडिया** द्वारा विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसी कड़ी में आज जोधपुर में पद यात्रा रैली से जन औषधि सप्ताह की शुरुआत होगी। कल भगत की कोठी रेलवे स्टेशन स्थित जन औषधि केंद्र पर निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर लगेगा। साथ ही पुराने जोधपुर शहर में हेरिटेज वॉक का आयोजन किया जाएगा। अन्य जिलों में भी जन औषधि सप्ताह के तहत उच्च गुणवत्ता की सस्ती जैनरिक दवाओं के प्रति जनजागरूकता पैदा करने और जन सहभागिता बढाने के लिए विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जायेंगी। हमारे सवाईमाधोपुर संवाददाता ने बताया कि सप्ताह की शुरूआत जनजागरण रैली के साथ होगी।

00000

केंद्र सरकार ने पासपोर्ट संबंधी नियमों में संशोधन किया है। नए नियमों के अनुसार 1 अक्टूबर 2023 या उसके बाद पैदा हुए पासपोर्ट आवेदकों के लिए उपयुक्त प्राधिकारियों द्वारा जारी जन्म प्रमाण पत्र ही जन्म तिथि का एक मात्र प्रमाण होगा। पासपोर्ट नियम–1980 में संशोधन को जारी करने के लिए एक आधिकारिक अधिसूचना जारी की गई है। नए नियमों के अनुसार जन्म और मृत्यु पंजीकरणअधिकारी, नगर निगम या जन्म और मृत्यु पंजीकरण अधिनियम, 1969 के अंतर्गत किसी अन्य प्राधिकारी द्वारा जारी जन्म प्रमाण पत्र, 1 अक्टूबर 2023 को या उसके बाद पैदा हुए व्यक्तियों के लिए जन्म तिथि के प्रमाण के रूप में स्वीकार किए जाएंगे।

अन्य आवेदक जन्म तिथि प्रमाणपत्र के रूप में ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड, मतदाता पहचान पत्र या विद्यालय छोड़ने का प्रमाण पत्र जैसे अन्य वैकल्पिक दस्तावेज जमा कर सकते हैं।

00000

राजस्थान अध्यापक पात्रता परीक्षा–रीट 2024 कल सम्पन्न हो गयी। कल आयोजित परीक्षा में 88 दशमलव 55 प्रतिशत परीक्षार्थियों की उपस्थिति रही। राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के प्रशासक महेश चंद्र शर्मा ने बताया कि कल की परीक्षा के लिए 5 लाख 41 हजार से अधिक परीक्षार्थी पंजीकृत थे, जिनमें से 4 लाख 79 हजार से अधिक ने परीक्षा दी और करीब 62 हजार गैरहाजिर रहे। उन्होंने बताया कि रीट कार्यालय में बनाए गए वॉर रूम से बोर्ड प्रशासन ने पूरे प्रदेश के परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी और जिला प्रशासन के माध्यम से निगरानी रखी। सभी जगह व्यवस्थाएँ सुचारू पाई गईं। कहीं भी किसी तरह की गड़बड़ी की शिकायत नहीं मिली। इस बीच माध्यमिक शिक्षा बोर्ड और इसके सभी कार्यालयों में 10 जून तक के लिए राजस्थान अत्यावश्यक सेवाएं अनुरक्षण अधिनियम–रेस्मा लागू कर दिया गया है। इसके तहत इन कार्यालयो में काम कर रहे कार्मिकों के हडताल पर जाने पर प्रतिबंध लग गया है।

00000

प्रदेश के सरकारी स्कूलों में आज मेगा पीटीएम यानि अभिभावक शिक्षक बैठक होगी। शिक्षा विभाग की ओर से इसका आयोजन किया जा रहा है। शिक्षामंत्री मदन दिलावर ने अभिभावकों से अपने बच्चों के विद्यालय पहुंच कर पीटीएम में शामिल होने और बच्चों की शैक्षणिक प्रगति में भूमिका निभाने की अपील की है। शिक्षा विभाग में सचिव कृष्ण कुणाल ने शिक्षकों और अभिभावकों से पूरी निष्ठा के साथ बच्चों के हित में पीटीएम से जुड़ने और इसे सफल बनाने का आग्रह किया है। उन्होंने कहा कि पीटीएम विद्यार्थियों के हित में शिक्षकों तथा अभिभावकों के बीच सामंजस्य बनाने का काम करेगी। पीटीएम में मुख्य रूप से तीसरी से 8वीं कक्षा तक के बच्चों को कक्षा स्तर तक लाने के लिए 21 और 22 जनवरी को आयोजित किए गए दक्षता आधारित आकलन–3 के प्रिंटेड परिणाम पत्र उपलब्ध करवाकर बच्चों की प्रगति पर अभिभावकों से चर्चा की जाएगी। पीटीएम में अभिभावकों से अपार आईडी निर्माण पर भी चर्चा की जाएगी। साथ ही शाला स्वास्थ्य सर्वेक्षण में संकलित की जा रही बच्चों की स्वास्थ्य जानकारी भी दी जाएगी।

00000

जयपुर के जवाहर कला केंद्र में आज से राज्य स्तरीय आरोग्य मेला **आरोग्यम–2025** शुरू होगा। 4 मार्च तक चलने वाले इस मेले में आयुर्वेद, होम्योपैथी, यूनानी, योग और नेचुरोपैथी पद्धतियों द्वारा कई तरह बीमारियों के लिए परामर्श और उपाचार दिया जाएगा। उपमुख्यमंत्री और आयुष मंत्री डॉ. प्रेम चंद बैरवा ने बताया कि मेले के माध्यम से लोगों को आयुष पद्धतियों की प्रभावशीलता तथा स्वस्थ्य जीवनशैली के बारे में जागरुक किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस दौरान विभिन्न चिकित्सा पद्धतियों के प्रदर्शन के साथ रोजाना योगाभ्यास भी करवाया जाएगा। मेले में सांस्कृतिक कार्यक्रम भी होंगे।

00000

संभाग स्तर पर भी आरोग्य मेलों का आयोजन किया जा रहा है। जैसलमेर में चल रहे संभागस्तरीय आरोग्य मेले में बडी संख्या में मरीज पंहुच रहे है।

00000

पश्चिमी विक्षोभ के असर से प्रदेश में कल बीकानेर और चुरू में ओले गिरे। चुरू की रतनगढ तहसील के कुछ गांवों में ओलावृष्टि से फसलों को नुकसान हुआ है। बीकानेर के लूणकरणसर में भी ओले गिरने से फसलों को नुकसान के समाचार है। झुंझुनूं के सूरजगढ और चिडावा इलाके में भी कल रात ओले गिरे।

श्रीगंगानगर और जैसलमेर के कई इलाकों में हल्की बारिश हुई। हनुमानगढ में दो दिन हुई बरसात के बाद आज सुबह से ही कोहरा छाया हुआ है। वहीं, जयपुर समेत कई जिलों में कल बादल छाये रहे। इसके कारण कई स्थानों पर तापमान में गिरावट दर्ज की गयी है।

00000